(Fig. 2). These used by children as their light weight will facilitate easy skating over the mud. *Shoe-Dhone* is a special type of craft operated from Chollangi. The entire family lives in the boat during a trip of 3 to 4 days and will be engaged in the fishing. If the clams or gastropods are found in good density, scoop nets are used to collect them.

Fig 2. Children using the wooden planks to skate over the mud flats for collecting clams.

Otherwise they are mostly hand-picked, as the depth of the water is about 50 to 70 cm during low tides. The fishermen that operate from Chollangi are migrants from neighbouring villages. They engage in the molluscan fishing throughout the year except bad weather days and important festival periods. In the recent times they are engaged in the collection of prawn seed during part of the year.

Landings and effort

The total landings of bivalves and gastropods during 1988 were 1,933 t and it gradually rose to a peak of 4,442 t in 1993. Similarly the effort also showed improvement from 32,458 man days in 1988 to 96,186 man days in 1992. However, there is a marginal decline in the effort during 1993 to 86,849 man days. The catch per man day's effort peaked at 60 kg during 1988 and gradually

* Present address: Visakhapatnam Research Centre of CMFRI, Visakhapatnam - 530 033

TABLE 1 *Catch (tonnes) effort (man days) and species composition of bivalves and gastropods, of the kakinada bay during 1988-'93*

Years	*A.granosa*	*A.rhombea*	*M.meretrix*	*P.malabarica*	*K.opima*	*Geloina* sp.	*P.placenta*	*C.madrasensis*	*P.viridis*	*Cerithidea* sp.	*Telescopium* sp.	*Hemifusus* sp.	*Umbonium* sp.	*Thais* sp.	Others	Total	Effort	C/E (kg)
1988	802	2	112	51	5	12	9	-	-	590	38	6	274	32	-	1,933	3,2458	60
1989	1,343	-	31	12	1	12	26	-	-	843	9	5	431	4	-	2,717	5,2777	51
1990	1,458	-	30	16	-	15	34	1	-	1,002	90	4	127	7	-	2,784	6,7045	42
1991	1,606	3	96	38	4	28	120	42	1	680	280	6	296	6	35	3,241	8,8869	36
1992	1,248	1	98	28	8	4	131	65	1	698	459	150	365	10	-	3,266	9,6186	34
1993	759	6	117	35	20	6	140	65	3	2,130	447	36	261	417	-	4,442	8,6849	51
Average	1,203	2	80	30	7	13	77	29	1	990	221	35	292	79	6	3,065	7,0697	43.4

decreased to 34 kg in 1992. However, the catch rate showed improvement during 1993 (Table 1).

Catch composition

The landings on an average comprised of 43% clams, 4% other bivalves and 53% gastropods (Fig. 3a). However, there were variations in the composition from year to year.



Fig 3. Composition of molluscs, clams, other bivalves and gastropod landings from Kakinada bay.

Clams

This group is the most important and economically valued component of molluscs, comprising five species (Fig. 3b).

Anadara granosa: This is the major clam resource and on an average it formed about 39% of the total molluscan landings of the Kakinada bay. The landings of *A. granosa* rose from 892 t in 1988 to 1,606 t in 1991 and thereafter showed a declining trend. The main season is January-April during which about 45% of the annual landings takes place. The length of the exploited *A. granosa* ranged from 10 to 78 mm (Fig. 4) with major mode at 33 mm. The important feature of the exploitation of the species is that about 29% of the clams are



Fig 4. Length distribution of *A. granosa*.

below 30 mm which are selectively exploited for a particular purpose. However, the exploitation of these small sized clams reached a proportion of 43.4% during 1991. Narasimham *et al. (Mar. Fish. Infor. Serv., T & E Ser.*, 59 : 1-16, 1984) estimated the stock of *A. granosa* at 6,895 t. However, due to diversified utilization in recent times, the fishing pressure has increased on this clam. A recent study indicated that under the present pattern of fishing there is little scope to increasing the landings of this species beyond 1,500 t (Rao and Somayajulu) (MS).

Meretrix meretrix is another large sized important clam exhibiting different colour variations (Fig. 5). In 1993 the quantity landed touched 117 t. During 1988 also this species contributed to the clam fishery in a significant way (112 t). However, decreased landings occurred during 1989 - 1990. On an average the landings of this species were estimated at 80 t forming 2.6% of the total molluscan landings of the bay and 6% of the clam landings. Narasimham *et al. (op.cit.)* estimated the stock at 1,082 t. The length range in the fishery was 25-86 mm with modes at 52 and 65 mm (Fig. 6). The major season for the landings of this species is April-August during which about 50% of the annual landings takes place. This species spawns almost throughout the year.



Fig 5. *Meretrix meretrix* exhibiting different colour variations found in the Kakinada Bay.

Paphia malabarica is another significant clam, contributing on an average about 30 t per annum. The catches of this species peaked at 51 t in 1988 and thereafter followed a declining trend. However,



Fig 6. Length distribution of *M. meretrix*



Fig 7. Length distribution of *P. malabarica*

during 1991-'93 period the catches improved considerably. This species forms about 2.2% of the total landings and constitutes about 1% of the total molluscan landings of the bay. The population of this species in the bay was estimated at 665 t by Narasimham *et al. (op.cit.)*. Most of the landings of this species occur during April-August period. The length of this species ranged from 33 to 86 mm (Fig. 7). This species also spawns almost throughout the year.

Katelysia opima landings have gradually increased from 5 t in 1988 to 20 t in 1993. On an average this species contributed 0.5% to the clam landings mostly during April-August. The length range of this species in the fishery is 34-56 mm with the mode at 48 mm (Fig. 8). It also spawns almost throughout the year.



Fig 8. Length distribution of *K. opima*

Geloina bengalensis, popularly known as "big black clam" contributes about 1% to the total clam landings of the bay. They are mostly picked up when it is difficult to go for other resources due to floods etc. The landings ranged from 4 to 28 tonnes. There is a decline in their landings during 1992 and 1993 compared to the previous years 1988-'91). Their size ranged from 35 to 88 mm (Fig. 9) with the mode at 67 mm. Although they may not form an important clam resource, their presence



Fig 9. Length distribution of *G. bengalensis*



Fig 10. A view of *Geloina bengalensis* found in the Kakinada bay.

is ecologically very significant (Fig. 10). Other bivalves comprising windowpane oyster, edible oyster and green mussel form 3.5% of the molluscan landings (Fig. 3c).

Placenta placenta is one of the most important bivalve resources. The landings of this species gradually increased from 9 t in 1988 to 140 t in 1993. The length of the exploited windowpane oyster ranged from 30 to 160 mm. The stock of this species was estimated at about

Fig 11. Small heaps of window pane oyster shells and clams at Chollangi.



Fig 12. Length distribution of *P. placenta*

12,000 t, ranking first among the molluscan resources of the bay. This resource is not exploited to the full extent due to lack of sufficient demand (Fig. 11). The dominant length group in the fishery is 90-120 mm (Fig. 12) (one year age group). The major season is April-August, during which about 75% of the landings occurs.

Crassostrea madrasensis The edible oyster contributed on a minor scale to the fishery during 1991-'93. The green mussel *Perna viridis* is nominally represented in the landings (Table 1).

Gastropods

The landings of gastropods ranged from 940 t in 1988 to the maximum of 3,291 t in 1993. Their contribution to the molluscan landings varied from about 40% in 1991 to 74% in 1993. Five species contribute substantially to the gastropod fishery (Fig. 3d).

Cerithidea fluviatilis is quantitatively the most exploited gastropod species contributing about 990 t and forms 32% of the total molluscan landings of the bay. Their landings varied from 590 t in 1988 to 2,130 t in 1993. The major season for the landings is from November to April, during which about 66% of the annual landings takes place.

Umbonium vestiarium is the next important gastropod contributing 9.5% to the molluscan landings of the bay. The landings varied from 43 t in 1987 to 127 t in 1990 with an average of 2,92 t. The important season for the landings of this species is October-March, during which about 70% of the annual landings takes place.

Telescopium telescopium: on an average contributed about 221 t forming 7.2% of the total molluscan landings of the bay. The landings showed a progressive increase from 38 t in 1988 to about 450 t in 1992 and 1993. They are mostly collected during October-April and about 69% of the annual landings takes place during the above period (Fig. 13).

Fig 13. Heaps of gastropod shells like *Telescopium* and clams at Chollangi

Thais rugosa landings mainly (about 70%) take place during October-February. On an average about 79 t are landed annually, constituting 2.6% of the molluscan catches. Their landings were chiefly observed during 1988 and 1993.

Hemifusus pugilinus are landed on an average of about 35 t per annum, forming 1% of the total landings. They are chiefly collected during October-March and about 73% of the annual landings occur in the above period. Their landings reached considerable magnitude during 1992 and 1993.

The other species of gastropods that occur in the landings are *Neritina depressa*, *Murex trapa* and *Turritella acutangula*. In general it is observed that gastropod landings mostly take place during October-March/April period during which bivalve landings are relatively low (Fig. 14).



Fig 14. Seasonal variations in the landings of bivalves and gastropods.

Utilization

Traditionally all molluscan shells are used for making lime. However, in the recent years there has been considerable diversification in their utilization. Among the clam shells, *A. granosa* is mostly used for ornamental purpose. Other shells that are used in ornamental industry are *H. pugilinus* and *U. vestiarium*. Clam meat is being increasingly used as feed for prawns. However, the utilization of clam meat is seasonal. All other shells are used in lime, carbide industry and poultry feed. The opercula of *Neritina depressa* and few other gastropods are in great demand for their use in unani medicine. Similarly pearls from *Placenta placenta* (Windowpane oyster) are in good demand for use in unani medicine.

Generally live bivalves and gastropods are brought to the shore and allowed to decay for about a fortnight, before they are marketed. In case of any demand for clam meat, it is extracted by boiling the live clam. Similar is the case with windowpane oyster. The opercula are extracted, dried and sold in bulk quantities after accumulating sufficient quantities.

Price structure

The price of *A. granosa* shells ranged from Rs. 348/t in 1988 to 2,900/t in 1992. The small sized shells fetch better price. The price of other clam shells ranged from Rs. 500/t in 1989 to about Rs.1,200/t in 1993. The shells of *G. bengalensis* commanded better price and ranged between Rs.1,500 in 1989 to Rs.2,000/t in 1992. On an average the price of gastropod shells ranged between Rs. 300 in 1989 and about Rs. 700/t in 1993. The price of clam meat ranged from Rs. 4,000/t in 1990 to Rs. 4,800/t in 1992 (Fig. 15). The price of opercula of gastropods is about Rs. 450/kg and that of windowpane oyster pearls Rs. 90,000/kg. Totally about 3 to 4 kg of pearls were harvested during April 1993 and about 5 to 6 kg of opercula every month during 1992 and 1993.



Fig 15. Price structure Rs./t of important groups of molluscs from the Kakinada bay during different years.

Stock assessment

The catch and effort data of 1988-'93 were used for assessing the stock by Schaefer and Fox models. The detailed yield curves are presented in Fig. 16. Schaefer model gave an MSY of 3,603 t of total bivalve and gastropod catch at an effort of 1,04,281 man-days. However, Fox model gave an MSY of 3,796 t with an effort of 1,38,313 man-days.

Remarks

The clams available in the Kakinada bay have the distinction of being the largest in size reported from India. The size of *M. meretrix* is 84 mm, *P. malabarica* 86 mm, *A. granosa* 85 mm, *K. opima* 56 mm found in the bay when compared to the sizes reported from both the coasts of India. This possibly indicates the stability of the ecosystem and the favourable interaction of species with the environment. Considering the availability of a variety of molluscan species and other fauna and the age of the bay (about 125 years) this unique bay requires protection from possible over-exploitation of biota and pollution.



Fig 16. Yield curves of bivalves and gastropods from the Kakinada bay based on surplus production models.

The Kakinada bay is surrounded by thousands of acres of shrimp farms which discharge enormous quantities of pond waste water containing utilised putrified food into the bay. Hence regular monitoring of the effects of this qualitatively unknown shrimp pond waste water on the ecosystem and faunal elements is required for critical evaluation and implementing suitable management measures.

The meat of most of the molluscs goes unutilised during a good part of the year. It is well known that meat of molluscs is nutritious and therefore should be popularised.

The resource position of *P. placenta* is good compared to other molluscs. Its utilization in shell craft industry needs to be promoted.

Narasimham *et al.* (1984, *op.cit.*) estimated the molluscan resources of the Kakinada bay at about 22,000t. Among them *Placenta placenta* formed about 56%. The average landings during 1988-'93 were estimated at 3,100 t of which *P. placenta* formed only negligible quantity. Stock assessment by Schaefer and Fox models indicates the MSY at 3,600 and 3,880 t respectively which shows that the current level of exploitation is slightly on a lower side. Among these two, Schaefer model appears to be more appropriate as it is giving better catch rate. However, exploitation of small sized clams or concentration on a particular species like *A. granosa* may lead to overexploitation and species imbalance. Although no restrictions on the fishery are required under the current exploitation levels, judicious exploitation of the resources should receive adequate attention.

माँगलूर और माल्प के द्वैत बेडा आनाय मात्स्यिकी का जैव आर्थिक मूल्यांकन

पी.यू. सक्करिया, के. सुनिलकुमार मोहम्मद, सी. पुरन्धरा, एच.एस. महादेवस्वामि, अल्ली सी. गुप्त, डी. नागराज और उमा.एस. भट

सी एम एफ आर आइ का माँगलूर अनुसंधान केन्द्र, माँगलूर - 575 001

पृष्ठभूमि

कर्नाटक राज्य के औसत वार्षिक समुद्री मछली उत्पादन के 40% माँगलूर और माल्प से प्राप्त होता है, जिसमें 56% तक आनायकों का योगदान है। वर्ष 1959 से यहाँ आनाय मात्स्यिकी का विकास हो रहा है। निर्यात योग्य पेनिआइड झींगों की मांग ने इसके विकास को और भी बढा दिया।

1970 दशक के अन्त और 1980 दशक के आरंभ में आनाय मत्स्यन में कुछ परिवर्तन आ गया। कुछ आनाय एककों ने (विशेषत: बडे पोत) चिंगट मत्स्यन प्रचालन का समय बढाने लगा। इसकेलिए चिगंट आनाय और मत्स्य आनाय का उपयोग एकान्तर में किया गया। 1980 के दशक के मध्य में अधिकांश बडे पोतों ने यह तरीका अपनाया और उच्च मूल्यवाले झींगों (प्रमुख्रत: *मेटापेनियस डोबसोनी, पेनिअस इन्डिकस* और *पी. मोनोडोन),* स्क्विड्स और फिनिफिशों को प्रचुर मात्रा में पकडने लगा।

ईंधन के कम उपयोग के कारण यह मत्स्यन रीति बहुत ही लाभदायक निकली। यह भी नहीं इन "रात्रि पोतों" ने उत्तर और दक्षिण की ओर गहरे क्षेत्र में अपना मत्स्यन प्रचालन विस्तृत किया। इस प्रकार 1980 के दशक से यह बहु-दिन आनाय मात्स्यिकी का विकास होता रहा और आज यह पृथक मात्स्यिकी के रूप में विद्यामान है। आज इन पोतों की संख्या में और भी वृद्धि आयी है और 35 से अधिक कोष संपाशों को बहु-दिन आनाय पोतों के रूप में परिवर्तित किया गया है। दिन में प्रचालित पोतों की संख्या में 5-6 सालों से कोई वृद्धि नहीं हुई है। इसके आधार पर इन दोनों मात्स्यिकी की आर्थिक क्षमता पर एक तुलनात्मक अध्ययन चलाया।

डाटा स्रोत और रीतियाँ

इस अध्ययन केलिए सात मत्स्यन अवधि को ले लिया (1988-89 से 1994-95)। प्रत्येक मात्स्यिकी मौसम सितंबर में शुरू होकर मई तक होता है (9 महीने)।

पकड (कि ग्रा) और प्रयास (घंटे) माँगलूर और माल्प के आनाय अवतरण के साप्ताहिक निरीक्षण के अनुसार संग्रहित किये थे। पत्तन से प्रत्येक पोत की अनुपस्थिति के आधार पर प्रयास की गणना की गयी। इसके अनुसार एक रात्रि पोत ने मत्स्यन केलिए 13.2 घंटे बिताया गया होगा और एक द्वि-रात्रि पोत ने 19.8 घंटे। इस प्रकार सभी एक दिन आनाय पोतों के प्रति मत्स्यन ट्रिप की मत्स्यन अवधि 5 घंटे देखी गयी। इसके अनुसार वार्षिक और मौसमी पकड और पकड दर (कि.ग्रा./घंटे) का प्राक्कलन किया गया।

सभी वाणिज्यिक जातियों के औसत नीलाम लागत का संग्रहण करके 1994-95 मौसम की मात्स्यिकी के वार्षिक लागत की गणना की गयी।

परिणाम

अध्ययनावधि में माँगलूर और माल्प में द्वैत बेडा आनाय मात्स्यिकी द्वारा बढती पकड प्राप्त हुई थी। लेकिन पकड दर 1988/89 के 39.05 कि.ग्रा/हे.से 1994-95 में 31.67 कि.ग्रा/हे में कम हो गयी। अध्ययनावधि की औसत कुल पकड में 32% दिन में प्रचालित बेडों के ज़रिए और 68% बहु-दिवसीय बडों ज़रिए प्राप्त हुई।

एक दिवसीय बेडों के वार्षिक अवतरण में उतार-चढाव देखा गया। बहु दिवसीय बेडों के अवतरण में क्रमशः बढती दिखायी पडी। लेकिन पकड दर 1988/89 के उच्च अवस्था के बाद 1992-93 तक घटती दिखाकर फिर बढ गयी।

इन दोनों बेडों में प्रयुक्त क्राफ्ट और गिअर, विदोहन तल, प्रचालन की गहराई और अवधि, पकड के जाति मिश्रण और लागत व आय में कुछ बुनियादी विभिन्नता दिखायी पडती हैं।

बेडों की संख्या और मत्स्यन तल

बहु-दिवसीय बेडों में अधिक 398 माँगलूर से और एकल-दिवसीय एककों में अधिक 440 माल्प से प्रचालन करते है। माँगलूर और माल्प से कुल 623 बहु-दिवसीय एकक और 752 एकल दिवसीय एककों का प्रचालन होता है।

एकल दिवसीय बेडों की कुल लंबाई 9 से 11.5 मी थी। इनमें लगभग 60% 30-32' की ऊँचाई के थे। बहु-दिवसीय बेडों की कुल लंबाई 11 से 17.1 मी थी और इन में अधिकांश 44 और 48' ऊँचाई के थे। आज 16 मी कुल लंबाई के कुछ इस्पात पोतों की प्रस्तुति हुई है। इन पोतों की 8-10 दिनों तक समुद्र में रहने की क्षमता है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इन पोतों में मछली ढूँढ निकालने के उपस्कर भी है।

एकल दिवसीय बेडों का मत्स्यन तट से 10-15 कि मी पर और अधिकतम 25 मी गहराई तक सीमित है। इनका प्रचालन कोष संपाश पोतों के वाहक पोतों के रूप में 125-200 दिनों तक होता हैं। बहु दिवसीय बेडों का प्रचालन माँगलूर और माल्प से होता है। ये पूरे मौसम में मत्स्यन में लगे रहते है। सितंबर-अक्तूबर महीनों में प्रचालन कम होता है। मत्स्यन मौसम में प्रति एकक का औसत प्रचालन दिवस 220 से 270 दिन होते है। प्रचालन की उत्तरी सीमा कारवार और दक्षिणी सीमा कण्णूर है। प्रचालन की गहराई 25-60 मी होती है। लेकिन सितंबर और अक्तूबर जैसे महीनों में प्रचालन गहराई 100 मी तक होती है।

पोत प्रचालन

एकल दिवसीय पोत

दिन में प्रचालित एकक साधारणतया 35-75 अश्वशक्ति के रस्टन इंजिनों के होते है और इन में मछली रखने की सुविधा भी नहीं है। ये चार आदमियों के साथ प्रचालन केलिए जाते है। इन में साधारणतया 10-20 मि मी आकार की जालाक्षिवाले चिंगट जालों का प्रचालन होता है। ये दिन में 5-6 घंटे मत्स्यन करते है।

बहु दिवसीय बेडे

अधिकांश बहु-दिवसीय बेडों का इंजिन 80-120 अश्वशक्ति के अशोक लेलान्ड है। मत्स्यन केलिए 5-6 लोग जाते है। 3-10 टन तक मछली स्टॉक करने की क्षमता इनमें है और 7 दिनों तक समुद्र में रह सकते है। बहु-दिवसीय बेडों में दो प्रकार के जालों का प्रचालन होता है, रात में प्रचालित 15-18 मि मी कोड एन्ड जालाक्षि के चिंगट जाल और दिन में प्रचालित 22-24 मि मी कोड एन्ड जालाक्षि के बडे मछली आनाय। रात में प्रचालीत पोतों में उपयोग किये जाने वाले उद्र पट दिन में प्रचालित उद्र पटों की तुलना में भारी (170-190 की ग्रा) है। ये श्याम को तट से जाते है और 2-6 दिनों तक मत्स्यन करते हैं। मत्स्यन के बाद ये साधारणतया रात में वापस आते हैं और पकड के नीलाम के बाद श्याम को फिर वापस जाते हैं।

मात्स्यिकी

एकल दिवसीय बेडे

पकड और पकड दर

दोनों केन्द्रों की पकड में उतार-चढाव देखा गया। माँगलूर में 1989/90 में पकड न्यूनतम थी। इसके बाद 1993/94 को छोडकर बाकी सालों में पकड में वृद्धि देखी गयी और 1994/95 में 7547 टन की अधिकतम पकड प्राप्त हुई। प्रयास 1991/92 में उच्च था और 1989/90 में कम। इसके अनुसार 1989/90 में पकड दर बहुत कम (29.05 कि.ग्रा/घंटे) थी और फिर 1992/93 तक बढती दिखायी पडी। (63.26 कि.ग्रा/घंटे) 1993/94 में पकड दर कम हो गयी (49.49 कि.ग्रा/घंटे). यह क्रमश:बढकर 1994/95 में उच्चतर (65.28 कि.ग्रा/घंटे) हो गयी। माल्प में पकड 1988/89 के 4745 टन से बढकर 1992/93 में 9111 टन हो गयी और 1993/94 में घटकर 3940 टन हो गयी। 1989/90 में पकड दर अधिकतम (58.91 कि.ग्रा/घंटे) थी। इसके बाद 1992/93 तक घटती दिखायी पडी। 1991/92 तक पकड दर में घटती दिखायी पडी। 1992/93 में पकड दर में प्रगति हुई और 1993/94 में फिर से घटकर 1994/95 में थोडी सी प्रगति दिखायी पडी।

दोनो केन्द्रों से एकल दिवसीय आनाय ने 1992/93 में अच्छी पकड एवं पकड दर दिखायी (16449 टन; 62.62 कि.ग्रा/घंटे) और 1989/90 के दौरान निम्नतम पकड (7634 टन) थी। विभिन्न सालों के एकल-दिवसीय आनायकों की पकड दर के अनुसार 1992/93 में बढती; 1993-94 में घटती और 1994/95 में प्रगति महसूस हुई, 1992/93 की बढती चपटी मछलियों के भारी अवतरण से हुई थी। इस प्रकार 1994/95 की बढती का कारण स्क्विल्ला का भारी अवतरण था। इन असाधारण पकडों को छोडकर अध्ययनावधि में एकल दिवसीय पोतों की पकड और पकड दर में कोई विभिन्नता नहीं थी।

पकड मिश्रण

एकल दिवसीय आनाय अवतरण में फिनफिश प्रमुख (52%) थी। इसके बाद क्रस्टेशियन (47%) और सेफालोपोड (1%) प्राप्त हुई थी। क्रस्टेशियनों में 70% स्क्विल्ला, 24% झींगा, और 6% कर्कट थे। फिनफिश पकड में 49% चपटी मछली और 19% फीतामीन देखी गयी। अन्य मुख्य वर्ग करैंजिड्स, क्लूपिड्स, सियेनिड्स और ऐंचोवीस थी। अवतरण किये गये सभी वर्गों में प्रमुखता स्क्विल्ला की थी (33%) और अन्य चपटी मछली (25.1%), झींगे (11.2%) और फीतामीन (9.9%) थी।

मौसमी प्रचुरता

इसकेलिए माहवार डाटा का संग्रहण किया था। माँगलूर में श्रृंगकाल दिसंबर-जनवरी और माल्प में नवंबर-दिसंबर देखा गया। दोनों केन्द्रों में अगस्त-सितंबर अवधि में पकड कम थी। लेकिन उच्चतम पकड दर माल्प में अगस्त के दैरान और माँगलूर में अक्तूबर के दौरान थी। अप्रैल और मई में पकड दर कम थी। संग्रहित डाटा के अनुसार उच्चतम अवतरण दिसंबर-मार्च अवधि और उच्चतम पकड दर सितंबर-अक्तूबर में और दिसंबर महीनों में देखी गयी।

एकल दिवसीय आनाय की मौसमी प्रचुरता देखने केलिए 6 प्रमुख जातियों का विश्लेषण किया था। चपटी मछली अगस्त-सितंबर में प्रचुर थी। फीतामीन की मात्रा अक्तूबर-नवंबर में अधिक थी और इसके बाद इसकी उपस्थिति नहीं हुई। झींगा जो अगस्त-सितंबर के दौरान बहुत कम थी, दिसंबर-जनवरी के दौरान उच्चतम हो गयी। अगस्त-सितंबर के दौरान स्क्विल्ला नहीं के बराबर थी। लेकिन दिसंबर-जनवरी की अवधि में उच्चतम हो गयी। अगस्त-सितंबर और अगस्त-दिसंबर के दौरान क्रमश: सियेनिड्स और करैंजिडों की प्रचुरता दिखायी पडी।

मुख्य वर्गों का वार्षिक झुकाव

क्लूपिड्स अधिक परिवर्तन के बिना पूरी अवधि में उपस्थित थी। करैंजिड पूरी अवधि में कम थी। 1990/91-1992/93 के दौरान फीतामीन अवतरण अच्छा था जिसने 1993/94 में कम होकर 1994/95 में प्रगति दिखायी। झींगा पकड स्थिर थी। चपटी मछली अवतरण 1992/93 में उच्च था। लेकिन 1993/94 और 1994/95 में इसका अवतरण कम हो गया। स्क्विल्ला पकड 1988/89 के 4086 टन से 1991/92 में 2762 टन में कम हो गयी और 1994/95 में बढकर 4510.7 टन हो गयी।

बहु दिवसीय मात्स्यिकी

पकड व पकड दर: अध्ययनावधि के दौरान बहु दिवसीय बेडों की कुल पकड माँगलूर में काफी अच्छी थी, लेकिन माल्प में यह विभिन्न थी।

माँगलूर में पकडदर 1988/89 के 27.96 कि.ग्रा/घंटे से 1990/91 के 38.66 कि.ग्रा/घंटे तक बढ गयी। फिर यह घटकर 1994/95 में 28.94 कि.ग्रा/घंटे में स्थिर हो गयी। माल्प में पकड दर 1988/89 के उच्चतम 50.29 कि.ग्रा/घंटे से 1992/93 के निम्नतम पकड 18.55 कि.ग्रा/घंटे बन गयी। 1993/94 को छोडकर बाकी सभी सालों में माल्प की पकड दर कम थी।

पकड मिश्रण: अवतरण में मछली, क्रस्टेशियन और सेफालोपोडों की काफी अच्छी उपस्थिति देखी गयी। इन में क्रस्टेशियनों की करीब 15 जातियाँ, सेफालोपोडों की 6 और फिनफिशों की लगभग 113 जातियाँ उपस्थित थी। बहु-दिवसीय बेडों के अवतरण में फिनफिश 62% क्रस्टेशियन्स 26% और सेफालोपोड 13% थी। फिनफिश अवतरण में प्रमुख थ्रेडफिन ब्रीम थी (16%) और करैंजिड्स (13%), तुम्बिल (7%), ऐंचोवी (7%) फीतामीन (6%) और क्लूपिड्स (6%) थी। क्रस्टेशियनों में प्रमुख स्टोमाटोपोड्स (72%) थी। इसके अलावा 25% झींगे और कर्कट भी प्राप्त हुई थी। झींगों में मेटापेनियस एस पी पी और पेनियस एस पी पी प्रमुख थी। सेफालोपोडों में स्क्विड्स (72%) प्रमुख थी बाकी कटिल फिश थी। सभी वर्गों में स्टोमाटोपोड प्रमुख थी (18.3%)।

मौसमी प्रचुरता: माँगलूर और माल्प में दिसंबर से मई तक की अवधि बहु दिवसीय बेडों केलिए श्रृंगकाल था। सितंबर-अक्तूबर के दौरान पकड बहुत कम थी। लेकिन अक्तूबर के दौरान माँगलूर में पकड दर काफी अच्छी थी। माल्प में अक्तूबर, दिसंबर और अप्रैल - मई में वार्षिक औसत 29.74 कि.ग्रा के साथ पकड दर अच्छी देखी गयी।

प्रमुख वर्गों की मौसमी प्रचुरता का विश्लेषण विभिन्न महीनें की औसत पकड दर के अनुसार किया गया था। इसके

अनुसार सितंबर के दौरान पकड में झींगे नहीं थे। अक्तूबर से यह मात्स्यिकी में प्रत्यक्ष होने लगा, नवंबर-दिसंबर श्रृंगकाल था और अप्रैल तक इसकी पकड अच्छी थी। सेफालोपोड सितंबर-अक्तूबर के दौरान प्रचुरता के साथ पूरे मौसम में उपस्थित थी। फीतामीन अक्तूबर और मई के दौरान प्रचुर थी। थ्रेडफिन ब्रीम सितंबर के दौरान अधिक थी। करैंजिडों केलिए अनुकूलतम मौसम अक्तूबर-दिसंबर देखा गया। अप्रैल-मई के दौरान बाँगडे का प्रचुर अवतरण होते हुए देखा। तुंबिल अक्तूबर और फरवरी-मई के दौरान काफी अधिक थी।

प्रमुख वर्गों का वार्षिक झुकाव: विभिन्न संपदाओं की पकड विविधता दिखाती है। प्रियाकान्तिड्स 1988/89 के 171 टन से बढकर 1994/95 में 1316 टन हो गया। सेफालोपोडों के अवतरण में भी इस प्रकार का गणनीय परिवर्तन देखा गया जो 1988/89 के 1662 टन से बढकर 1994/95 में 4653 टन हो गया था। थ्रेडफिन ब्रीमों का अवतरण 2376 टन से 3677 टन बढ गया था पर पकड दर 3.73 कि. ग्रा/घंटे से 2.9 कि.ग्रा/घंटे होकर कम हो गयी। सभी वर्गों में बढती देखी गयी।

मात्स्यिकी का मूल्य

माँगलूर और माल्प के 1994/95 अवधि की एक दिवसीय आनाय मात्स्यिकी (11,497 टन) का आकलित मूल्य 118.2 मिलियन रु. था। इसमें 64.3% आय माँगलूर का योगदान था। माँगलूर की तुलना में क्रस्टेशियनों के ज़रिए अधिक आय माल्प से हुआ था।

बहु-दिवसीय आनाय बेडे से माँगलूर और माल्प से 1994/95 के दौरान 630.1 मिलियन रु/- का आय आकलित किया जाता है। इसमें 43% फिनफिशों का योगदान था। बाकी 31% क्रस्टेशियनों से और 26% सेफालोपोडों से प्राप्त हुआ। कुल मूल्य के 468 मिलियन रु. प्रति कि.ग्रा 17.6/- रु. पर माँगलूर से प्रचालित ट्रालरों से हुआ और माल्प के आनायकों के ज़रिए प्रति कि.ग्रा 21.85/- रु की दर में 162.1 मिलियन रु. प्राप्त हुआ। माल्प से प्राप्त यह उच्च मूल्य का कारण वहाँ से प्राप्त उच्च मूल्य के झीगें है जो माल्प की तुलना में माँगलूर में कम थी। केवल झींगे केलिए माल्प को प्रति कि.ग्रा 115/- रु दाम मिला जब कि माँगलूर को 95.5/- रु.।

बेडे प्रचालनों की तुलनात्मक आर्थिकता

बहु-दिवसीय बेडों की प्रचालन लागत एकल दिवसीय बेडों की तुलना में 3.5 बार अधिक है और वैसे लाभ भी। वहु-दिवसीय बेडों द्वारा पकड भी एकल दिवसीय बेडों की तुलना में दुगुणा होती है और निवल आय भी विचारणीय रूप में उच्च होता है। बहु-दिवसीय पोतों का प्रचालन गहरे और दूरस्त होने पर भी ईंधन केलिए खर्च एकल-दिवसीय पोतों के खर्च से उतना ज्यादा नहीं है। (बहु दिवसीय पोत 39%, एकल दिवसीय पोत 23%) इस प्रकार आर्थिक दृष्टि से एकल दिवसीय बेडों से बहु-दिवसीय पोत काफी लाभदायक होते हैं।

समापन

अध्ययन के अनुसार यह व्यक्त हो जाता है कि बहु-दिवसीय आनाय मात्स्यिकी जो 11½ दशकों से यहाँ कार्यरत है, परंपरागत एकल दिवसीय बेडों से अलग होकर आनाय मात्स्यिकी के बिलकुल भिन्न रूप में विकसित हो गया है। 1982-83 के दैरान एकल दिवसीय मत्स्यन का योगदान कुल आनाय अवतरण का 64% था। लेकिन आज इसका योगदान सिर्फ 32% हैं जिससे बहु-दिवसीय मत्स्यन की सफलता व्यक्त हो जाती है। 1980/81-1994/95 के 15 सालों के दौरान माँगलूर की आनाय पकड 8.7 बार वर्धित हुई है और मूल्य में 43.5 बार की गणनीय बढती हुई है। यह बढती केवल निर्यातयोग्य झीगों की बढती मूल्य से ही नहीं बल्कि वहुदिवसीय पोतों द्वारा प्राप्त सेफालोपोडों और फिनफिश की बढती पकड से संभव हुआ है।

बहु दिवसीय एवं एकल दिवसीय पोतों की आर्थिक दक्षता पर किये गये तुलनात्मक अध्ययन के अनुसार बहु दिवसीय पोतों को ही आर्थिक दृष्टि से लाभकर देखा गया। माँगलूर और माल्प में बहु दिवसीय पोतों की संख्या में हुई वृद्धि बहु-दिवसीय पोतों के प्रचालन की सफलता की ओर इशारा करती है। आजकल इस क्षेत्र में एक दिवसीय पोतों का निर्माण नहीं हो रहा है और काफी संख्या के एकल दिवसीय पोतों का प्रचालन भी बहुत कम हो गया है।

बहु दिवसीय पोतों की पकड में वृद्धि होने पर भी पकड दर कम हो जाती है। इसका प्राथमिक कारण माँगलूर और माल्प में पोतों की संख्या में तेज़ बढती और झींगा और मछली जालों के जालाक्षि आकार में की गयी घटती है। आगे इन पोतों द्वारा प्रचालित क्षेत्रों में कर्नाटक के पोतों का भी प्रचालन

होता है। इसके बावजूद भविष्य में ये पोत अपना प्रचालन क्षेत्र शायद 100-200 मी की गहराई में विस्तृत किया जायेगा, जिससे मत्स्यन क्षेत्र में गणनीय वृद्धि नहीं होने पर भी सेफालोपोड और मछलियों के अविदोहित क्षेत्र मत्स्यन केलिए मिल जाएगा। इन्डो-डानिश मात्स्यिकी परियोजना (आइ डी एफ पी 1995) ने 200 मी गहराई में 102 अश्व शक्ति के आधुनिक उपकरणों से सज्जित 48-50' पोतों के प्रचालन के औचित्य पर रिपोर्ट की है। मॉंगलूर के बहु-दिवसीय पोतों में देखे जाने वाले जी पी एस और वीडियो फिश साउन्डेर्स इसका परिणाम है। आइ डी एफ पी ने कर्नाटक तट में पायी जानेवाली संपदाओं का भी विवरण दिया है।

मात्स्यिकी की अतिजीवितता स्तर बनाये रखने केलिए प्रमुख मार्ग है प्रयास सीमित करना। सरकार के भाग से ऐसे नियंत्रण की अनुपस्थिति में पोतों के मालिक तकनीकों में उचित परिवर्तन और सम्मिलन के ज़रिए अपना प्रचालन लाभकर बनाते है। इस तट की आनाय मात्स्यिकी में यही हुआ है। पहले बताये गये के अनुसार प्रचालन तल और भी बढाकर यह किया जा सकता है। यद्यपि इस तट की आनाय मात्स्यिकी के वैज्ञानिक प्रबंधन केलिए उचित तरीका प्रयास सीमित (नये पोतों के प्रवेश सीमित करके) करना है।

काकिनाडा खाडी से विदोहित द्विकपाटियों और गास्ट्रोपोडों का संपदा स्वभाव और स्टाक निर्धारण

जी. साइदा राव और के.आर. सोमयाजुलू

सी एम एफ आर आइ का काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा - 533 004

आमुख

भारतीय तटों की मात्स्यिकी में मोलस्क संपदा, द्विकपाटी और गास्ट्रोपोडों का महत्वपूर्ण स्थान है। 130 वर्ग कि मी विस्तृत काकिनाडा खाडी मोलस्क संपदा से समृद्ध है। विविध परिमाणों में इनका विदोहन हो रहा है और हाल में इनका विदोहन इतना अधिक हो रहा है कि इसकेलिए कुछ उपाय सूझना पडेगा। काकिनाडा खाडी के मोलस्कों के बारे में कई कार्यकर्ताओं ने लिखा है। राधाकृष्ण और गणपति (1968) ने काकिनाडा खाडी के फाउना का विस्तृत निरीक्षण किया था। मूर्ती (1979), नरसिंहम (1969, 1972, 1973) और राव (1993) ने कुछ विवरण प्रस्तुत किया है. फिर भी इसकी मौसमी विविधता, आयाम, विदोहन रीति, उपयोग आदि पर विस्तृत अध्ययन अभी तक नहीं हुआ है, जो इन संपदाओं की बढती मॉंग की दृष्टि पर अत्यन्त आवश्यक भी है। इसलिए संबंधित डाटाओं के विधिपूर्वक संग्रहण केलिए प्रयास किया गया है, जो इस लेख में प्रस्तुत है।

अध्ययन की रीति

चोलंगी में जनवरी, 1988 से लेकर 1993 तक साप्ताहिक निरीक्षण चलाया गया. इसके साथ निम्नतम अवतरण के येटिमोगा गॉंव का भी माहिक निरीक्षण किया था। इन केन्द्रों के प्रत्येक निरीक्षण के दौरान जातिवार अवतरण और मात्स्यिकी नें लगे हुए लोगों एवं पोतों की संख्या की डाटा का संग्रहण किया था। प्रमुख द्विकपाटियों के लंबाई मापन और भार भी नोट कर लिया था। इस प्रकार संग्रहित डाटाओं के अनुसार जातिवार पकड, प्रयास और लंबाई आवृत्ति का माहिक आकलन तैयार किया था। जैविक और माप संबंधित कार्य केलिए प्रमुख सीपी जातियॉं जैसे *अनडारा ग्रानोसा, मेरिट्रिक्स, पाफिया मलबारिका* और *कटेलिसिया ओपिमा* को प्रयोगशाला में लाया था। निरीक्षण के दिनों में प्रत्येक वर्ग की मूल्य संरचना और उपयोग पर भी डाटा संग्रहित किये थे। कुल मोलस्क अवतरण को एक ग्रूप में शामिल करके स्टॉक निर्धारण किया था।

पोत और संभार

येटिमोगा गॉंव में द्विकपाटी और गास्ट्रोपोडों के संग्रहण केलिए फलक-निर्मित पोत "नावा" और काष्ठ फलकों का उपयोग करते है। यहॉं से लगभग 10 "नावों" का नियमित उपयोग होता है। पंकिल क्षेत्र से सीपी और गास्ट्रोपोडों के संग्रहण केलिए काष्ठ फलकों का इस्तेमाल करते है। बहुत हल्का होने के कारण बच्चे भी इसका इस्तेमाल कर सकते है।

चोलंगी से षो डोन नामक एक विशेष पोत का प्रचालन होता है। 3 से 4 दिनों तक की मत्स्यन अवधि में परिवार के सदस्य इस पोत में ही रहकर मत्स्यन में लगे रहते है। यदि सीपी और गास्ट्रोपोड काफी मात्रा में होती है तो संग्रहण केलिए स्कूप जालों का उपयोग करते है। निम्न ज्वार के समय हस्त चयन से इसका संग्रहण करते है।

अवतरण और प्रयास

द्विकपाटी और गास्ट्रोपोडों का कुल अवतरण 1988 के 1933 टन से 1993 में 4442 टन तक बढ गया। इस के अनुसार प्रयास में भी बढती दिखायी पडी। 1993 के दौरान पकड दर भी अच्छी थी।

पकड मिश्रण

अवतरण में 43% सीपी, 4% अन्य द्विकपाटियाँ और 53% गास्ट्रोपोड्स उपस्थित थी। यद्यापि वर्षा वर्ष पकड मिश्रण में परिवर्तन होता रहता है।

सीपियाँ

यह वर्ग मोलस्क जातियों का सबसे प्रमुख और आर्थिक दृष्टि में बहुत मूल्यवान भी है। इसकी पाँच जातियाँ होती है।

अनडारा ग्रानोसा

सीपी संपदाओं में *अनडारा ग्रानोसा* का प्रमुख स्थान है और काकिनाडा खाडी के कुल मोलस्क अवतरण में 39% इसका योगदान होता है। 1988 में *ए. ग्रानोसा* का अवतरण 892 टन था, जो बढकर 1991 में 1606 टन हो गया। इसके बाद इसमें घटती दिखायी पडी। जनवरी-अप्रैल श्रृंगकाल देखा गया। विदोहित *ए. ग्रानोसा* की लंबाई में 10 से 78 मि मी के बीच विविधता दिखायी पडी। इनमें अधिकांश 33 मि मी लंबाई की थी। 29% से अधिक सीपियाँ 30 मि मी से कम लंबाई की थी। इन्हें कुछ विशेष कार्य केलिए विदोहित किया जाता है। यद्यपि छोटे आयाम की सीपियों का विदोहन 1993 के दौरान 43.4% पहुँच गया था। नरसिंहम आदि ने कुल *ए. ग्रानोसा* स्टॉक 6895 टन आकलित किया गया है। हाल में विभिन्न उपयोग के कारण इस सीपी का मत्स्यन दबाव बढ गया है। वर्तमान अध्ययन यह सुचित करता है कि इस जाति का अवतरण 1500 टन से ज्यादा बढाना उतना आसान नहीं है।

मेरिट्रिक्स मेरिट्रिक्स और एक प्रमुख एवं बडी सीपी है जो विभिन्न रंग दिखाती है। 1993 में इसका अवतरण 117 टन था। 1988 में भी इसका अवतरण अच्छा था। लेकिन 1989 और 1990 के दौरान अवतरण में भारी घटती देखी गयी। इस दौरान इसका औसत अवतरण 80 टन आकलित किया गया था जो खाडी के कुल मोलस्कन अवतरण के 2.6% और कुल सीपी अवतरण के 6% होता है। नरसिंहम (1984) ने स्टॉक को 1082 टन पर आकलित किया गया है। इसका लंबाई रेंच 25-86 मि मी था। अधिकांश जाति 52 और 65 मि मी की थी। इसका प्रमुख अवतरण मौसम अप्रैल-अगस्त है जब वार्षिक अवतरण के 50% तक प्राप्त हो जाता है। यह साल भर अंडजनन करती है।

पाफिया मलबारिका और एक गणनीय सीपी है। इसका योगदान प्रतिवर्ष लगभग 30 टन है।

1988 में इसका अवतरण 51 टन था। बाद में अवतरण घटने लगा। यद्यपि 91-93 के दौरान पकड में विचारणीय प्रगति देखी गयी।

यह कुल अवतरण के 2.2% और खाडी के कुल मोलस्क अवतरण का 1% आकलित किया जाता है। खाडी में इस जाति की जीवसंख्या 665 टन आकलित किया गया है (नरसिंहम 1984)। इसका अधिकांश अवतरण अप्रैल-अगस्त की अवधि में होता है। इसका लंबाई रेंच 33 से 86 मि मी के बीच देखा गया। ये साल भर अंडजनन करती है।

कटेलिसिया ओपिमा का अवतरण 1988 के 5 टन से क्रमश: बढकर 1993 में 20 टन हो गया। सीपी अवतरण में इसका योगदान औसत 0.5% था। अवतरण अधिकांश अप्रैल-अगस्त के दौरान होता है। इसका लंबाई रेंच 34 से 56 मि मी होता है। अधिकांश सीपियाँ 48 मि मी लंबाई की थी। ये साल भर अंडजनन करती है।

जेलेनिया बेन्गालेनसिस साधारणतया "बडी काला सीपी" नाम से जाना जाता है। खाडी के कुल सीपी अवतरण में 1% इसका योगदान है। बाढ आदि कुछ त्रुटिपूर्ण समय में जब अन्य जातियों का संग्रहण मुश्किल हो जाता है तो इसे हाथों से संग्रहित करते है। अवतरण 4 से 28 टनों के बीच विविध होता है। पिछले सालों की तुलना में 1992 और 1993 के दौरान इनके अवतरण में घटती दिखायी पडी। इनके आयाम 35 से

88 मि मी के बीच विविध थे। अधिकांश सीपियाँ 67 मि मी की थी। सीपी संपदाओं में इनका स्थान उतना प्रमुख नहीं है। फिर भी इसकी उपस्थिति उल्लेखनीय है। प्रसाद (1921) के अनुसार यह जाति बंगाल क्षेत्र में सीमित है। नटराजन (1976) ने कोलेरुन ज्वारनदमुख में इसके कुछ कवचों की उपस्थिति रिपोर्ट की है। राव आदि (1989) ने कर्नाटक राज्य के माल्प के निकट उदियवारा ज्वारनदमुख में इसके कुछ जीवित नमूनों की उपस्थिति रिकार्ड की गयी है। अत: वर्षों से मोलस्क मात्स्यिकी में इस जाति की उपस्थिति विचारणीय है।

प्लासेन्टा प्लासेन्टा द्विकपाटी संपदाओं में एक प्रमुख जाति है। इसका अवतरण 1988 के 9 टन से 1993 में 140 टन में क्रमश: बढ रही है। इसकी लंबाई 60 से 160 मि मी के रेंच में देखी गयी। खाडी में इसका स्टॉक 12,000 टन आकलित किया गया है। माँग की कमी के कारण इसका विदोहन भी कम होता है। 90-120 मि मी लंबाई की जाति मात्स्यिकी में अधिक है। इसकी जौविकी, आयु और बढती का विवरण नरसिंहम (1984) ने दिया है। इसका प्रमुख मौसम अप्रैल-अगस्त है, जिसके दौरान लगभग 75% अवतरण होता है।

खाद्य शुक्ति *क्रासोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस* छोटी मात्रा 1991-93 के दौरान मात्स्यिकी में उपलब्ध हुई। हरा शंबु *पेरना विरिडिस* मात्स्यिकी में नाममात्र में उपस्थित है।

गास्ट्रोपोड्स

गास्ट्रोपोडों के अवतरण में 1988 के 940 टन से 1993 के 3291 टन के बीच विविधता दिखायी। गास्ट्रोपोड मात्स्यिकी की प्रमुख पाँच जातियाँ हैं।

सेरितिडिया फ्लूवियाटिलिया का अधिकमात्र विदोहन होता है। खाडी के कुल मोलस्क अवतरण के 32% इसका योगदान है। इसका अवतरण 1988 के 590 टन और 1993 के 2130 टन के बीच विविध था। नवंबर से अप्रैल तक की अवधि में इसका अच्छा अवतरण होता है। वार्षिक अवतरण के 66% इस अवधि में होता है।

अम्बोनियम वेस्टिआरियम अगला प्रमुख गास्ट्रोपोड है जो खाडी के मोलस्क अवतरण के 9.5% योगदान देता है। इसका अवतरण 1987 के 43 टन से 1990 के 127 टन के बीच विविध था। औसत अवतरण 292 टन था। अक्तूबर-मार्च की अवधि अच्छा अवतरण का मौसम है जब वार्षिक अवतरण के 70% तक प्राप्त होता है।

टेलेस्कोपियम टेलेस्कोपियम ने खाडी के कुल मोलस्कन अवतरण के लगभग 7.2% योगदान दिया। इसका अवतरण 1988 के 38 टन से 1992-93 में 450 टन की प्रगति दिखाती है। इसका संग्रहण अधिकांशत: अक्तूबर-अप्रैल के दौरान होता है। वार्षिक अवतरण के लगभग 69% इस अवधि में होता है।

ताइस रुगोसा का अवतरण लगभग 70% प्रमुखत: अक्तूबर-फरवरी में होता है। इसका औसत वार्षिक अवतरण 79 टन है। 1988 और 1993 के दौरान इसका अवतरण काफी अधिक था।

हेमिफसस ट्यूगिलिनस का प्रतिवर्ष औसत अवतरण 35 टन देखा गया जो कुल अवतरण का 1% है। अक्तूबर-मार्च के दौरान इसका अधिकांश संग्रहण होता है और वार्षिक अवतरण के लगभग 73% इस अवधि में प्राप्त होता है। 1992 और 1993 में इसका अवतरण विचारणीय हद तक बढ गया।

गास्ट्रोपोड अवतरण की अन्य जातियाँ *नेरिटीना डिप्रेस्सा, म्यूरेक्स ट्रापा, टरिटेल्ला अक्यूटांगुला* आदि है। सामान्य तौर पर यह देखा गया की अक्तूबर-मार्च/अप्रैल के दौरान गास्ट्रोपोड अवतरण प्राय: अधिक होता है जब द्विकपाटियों का अवतरण कम होता है।

उपयोग

साधारणतया मोलस्क कवचों को चूना निर्माण केलिए किया जाता है। हाल में इसके उपयोग में विचारणीय वैविद्यता आ गयी है। सीपी कवचों में *ए.ग्रानोसा* का उपयोग अधिकत: आभूषण निर्माण के कार्य केलिए किया जाता है। आभूषण उद्योग में उपयोग किए जानेवाले अन्य कवच है *एच.ड्युगिलिनस* और *यू. वेस्टिआरियम*। झींगा खाद्य के रूप में सीपी मांस का उपयोग किया जाता है। यद्यपि सीपी मांस का उपयोग मौसमी है। अन्य सभी कवचों का उपयोग चूना, कारबाइड उद्योग, कुकुट खाद्य उत्पादन आदि में किया जाता है। *नेरिटीना डिप्रेस्सा* और कुछ गास्ट्रोपोडों के ओपरकुला की युनानी औषध के निर्माण में बडी माँग है। इस प्रकार *प्लासेन्टा प्लासेन्टा* से प्राप्त मोत्तियों का भी युनानी औषध निर्माण में उपयोग किया जाता है।

मूल्य संरचना

ए. ग्रानोसा के कवचों का मूल्य 1988 में प्रति टन केलिए 348 रु था जो 1992 में प्रति टन 2900 रु तक बढ गया। छोटे कवचों का अच्छा मूल्य मिलता है। अन्य कवचों का मूल्य 1989 के 500 रु (प्रतिटन) से 1993 के 1200 रु (प्रतिटन) हो गया। *जी. बेन्गालेनसिस* कवचों का उच्च मूल्य प्राप्त हुआ। यह 1989 में 1500 रु (प्रतिटन) था और 1992 में 2000 रु. बन गया। औसत में गास्ट्रोपोड कवचों का मूल्य 1989 के 300 रु. और 1993 के 700 से (प्रति टन) के बीच विविध था। सीपी मांस का मूल्य 1989 में प्रतिटन 4000 रु से 1992 में 4800 रु के बीच विविधता दिखायी। गास्ट्रोपोडों के ओपरकुला का मूल्य प्रति कि ग्रा 450 रु है और विन्डोपेन शुक्ति मोती को 90,000 रु प्रति कि ग्रा मूल्य मिलता है। अप्रैल 1993 के दौरान लगभग 3 से 4 कि ग्रा मोती प्राप्त हुआ और 1992 और 1993 के दौरान प्रति माह 5 से 6 कि ग्रा ओपरकुला प्राप्त हुआ।

स्टॉक निर्धारण

शैफर और फोक्स मोडल द्वारा स्टॉक निर्धारण करने केलिए 1988-93 की पकड और प्रयास डाटा लिया था। शैफर के अनुसार द्विकपाटी और गास्ट्रोपोड की अधिकतम वहनीय पकड 104,281 मानवदिवस में 3603 टन थी जबकि फोक्स मोडल के अनुसार अधिकतम वहनीय पकड 138,313 मानवदिवस में 3796 टन थी।

अभ्युक्तिग्राँ

भारत से प्राप्त सीपियों की रिपोर्ट के अनुसार काकिनाडा खाडी से प्राप्त सीपियां अयाम में प्राय: बडी होती है। भारत के दोनों तटों से प्राप्त सीपियों के आयाम की तुलना में *एम. मेरिट्रिक्स, पी. मालबारिका, ए. ग्रानोसा* और *के. ओपिमा* का आयाम क्रमाश: 84 मि मी, 86 मि मी 85 मि मी और 56 मि मी देखा गया। यह पारिस्थितिकी की संतुलन क्षमता और पारिस्थितिकी के साथ इन जातियों का अनुकूल संबंध व्यक्त करता है। विभिन्न मोलस्क जातियों और प्राणिजातों की उपलब्धि और खाडी की आयु लगभग 125 वर्ष मानकर इस "अनन्य काकिनाडा खाडी" को नितलस्थ जीवजातों के अतिविदोहन और प्रदूषण से सुरक्षित करना अनिवार्य है। इसके अनुसार आन्ध्राप्रदेश के वनविभाग के वन्यजीव विंग द्वारा समीपस्थ मैंग्रोव वन के साथ खाडी को अभयवन घोषित करना प्रशंसनीय बात है।

काकिनाडा खाडी की चारों तरफ एकडों का चिंगट फार्म है, जहाँ से अनुपयुक्त खाद्य के साथ प्रदूषित जल खाडी में पडता है। इस प्रदूषित जल से खाडी में होनेवाले बुरे प्रभावों का आलोचनात्मक निरीक्षण करके अनुकूल कदम उठाना अनिवार्य है।

अधिकांश मोलस्कों का मांस अनुपयुक्त है। यह तो सब जानते हैं कि मोलस्क पोषक संपूर्ण है। इसलिए इसके उपयोग केलिए सब को प्रोत्साहित करना चाहिए।

अन्य मोलस्कों की तुलना में *पी. प्लासेन्टा* संपदा काफी अच्छी है। कवच उद्योग में इसका उपयोग बढाना अनिवार्य है।

नरसिंहम आदि ने काकिनाडा खाडी की मोलस्क संपदा 22,000 टन आकलित की गयी है। इन का 56% *प्लासेन्टा प्लासेन्टा* है। 1988-93 के दौरान औसत अवतरण लगभग 3100 टन आकलित किया था। *पी. प्लासेन्टा* की मात्रा बहुत कम थी. शैफर और फोक्स मोडल द्वारा स्टॉक निर्धारण करने पर अधिकतम वहनीय पकड क्रमश: 3600 और 3880 टन देखा गया जो यह सूचित करता है कि वर्तमान विदोहन स्तर कुछ कम है। उपर्युक्त दोनों नमूनों में अच्छी पकड दर देने के कारण शैफर मोडल ही सही माना जा सकता है। फिर भी छोटे आयाम की सीपियों पर या *ए. ग्रानोसा* जैसी किसी प्रत्येक जाति पर केन्द्रीकृत विदोहन, अतिविदोहन और असंतुलन का कारण बन जाएगा। यद्यपि इस मात्स्यिकी की वर्तमान विदोहन स्थिति में कुछ पाबंदी लगाने की अवश्यकता नहीं है फिर भी विदोहन न्यायिक होना अनिवार्य है।

GUIDE TO CONTRIBUTORS

The articles intended for publication in the MFIS should be based on actual research findings on long-term or short-term projects of the CMFRI and should be in a language comprehensible to the layman. Elaborate perspectives, material and methods, taxonomy, keys to species and genera, statistical methods and models, elaborate tables, references and such, being only useful to specialists, are to be avoided. Field keys that may be of help to fishermen or industry are acceptable. Self-speaking photographs may be profusely included, but histograms should be carefully selected for easy understanding to the non-technical eye. The write-up should not be in the format of a scientific paper. Unlike in journals, suggestions and advices based on tested research results intended for fishing industry, fishery managers and planners can be given in definitive terms. Whereas only cost benefit ratios and indices worked out based on observed costs and values are acceptable in a journal, the observed costs and values, inspite of their transitionality, are more appropriate for MFIS. Any article intended for MFIS should not exceed 15 pages typed in double space on foolscap paper.

Edited by Dr. K. J. Mathew with assistance from Ms. T. S. Naomi. Published by Dr. K. J. Mathew on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P. B. No. 1603, Tatapuram P. O., Cochin - 682 014, Kerala, India. Printed at Paico Printing Press, Cochin - 682 035.